### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मेहंदी प्रतियोगिता

# शिवानी प्रथम, प्रिया द्वितीय और श्रुति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय नहर मोड़ स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला में मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं समय-समय पर विद्यालय में आयोजित की जाती हैं, जिससे बच्चों के रचनात्मक विकास के साथ-साथ उनमें छिपी प्रतिभाओं को भी निखारा जाता है।



**प्रतियोगिता में 86 छात्राओं ने लिया भाग**

मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता में कक्षा- सप्तम से दशम तक के 86 छात्राओं ने भाग लिया। सभी ने मेहंदी की एक से बढ़कर एक डिजाइन का प्रदर्शन किया। मार्गदर्शिका हर्षदा उपाध्याय ने सभी के लिए मेहंदी का प्रबंध कराया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में विद्यालय के सभी आचार्य व दीदी जी ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम स्थान शिवानी सिंह, कक्षा-दशम, द्वितीय स्थान प्रिया सिंह, कक्षा-नवम, तृतीय स्थान श्रुति कुमारी,कक्षा-दशम ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में छाया कुमारी,उषा कुमारी, शशि कुमार, रंजीत मिश्र, राजेश्वर सिंह यादव, राजकुमार सिंह,अभिषेक पाठक सहित सभी आचार्य-दीदी का सराहनीय योगदान रहा।

## युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**मोहम्मदगंज।** थाना अंतर्गत शिलापर टोला निवासी बिरजू रजवार के 20 वर्षीय पुत्र अजय कुमार ने रविवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय की तबियत ठीक नहीं थी। इलाज कराने के बाद वह अपने भौंराहातर स्थित बथान पहुंचा। कमरे के दरवाजा को अंदर से बंद कर छत के छड़ से साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे एसआई अमानुल्लाह ने पंचनामा तैयार कर शव को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। आत्महत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। परिवार में कोहराम मच गया है।

## हनुमान मंदिर परिसर में भक्ति जागरण का आयोजन

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** प्रखंड मुख्यालय के संकटमोचन हनुमान मंदिर परिसर में शनिवार की संध्या में भक्ति जागरण और झांकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के द्वारा फीता काटकर किया। मौके पर कमिटी के द्वारा मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र एवं पगड़ी पहना कर सम्मानित किया । इस मौके पर कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया। साथ ही झांकी के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। गायिका अक्षरा गुप्ता व पवन बाबू ने मधुर एवं सुरीली आवाज से समां बांध दिया। पूर्व विधायक ने कहा कि यह कमिटी बधाई के पात्र है आज जो यह भक्ति जागरण हो रहा है । यह कार्यक्रम 13 अगस्त को ही होना था, लेकिन अत्यधिक वर्षा होने के कारण यह कार्यक्रम स्थगित हो गया था, लेकिन कमिटी के लोग इतने मेहनती हैं कि एक सप्ताह के अंदर इस कार्यक्रम को पुनः कराया है। उन्होंने कि भगवान भोले की कृपा पांकी विधानसभा के लोगों पर बनी रहे। सावन का महीना बहुत ही पावन होता है। लेस्लीगंज में बहुत ही ज्यादा धार्मिक आयोजन किया जाता है। यह कमिटी के लोग बधाई के पात्र हैं क्योंकि हर एक मंगलवार को भजन संध्या, भंडारा पिछले 1 वर्षों से होता आ रहा है। मौके पर पूर्व मुखिया धर्मेन्द्र कुमार सोनी, तारकेश्वर पासवान,दिलीप सोनी,कोट खास मुखिया पति सह समाजसेवी राजन सिंह, उमेश सोनी, जैप 8 के अधिकारी अभय कुमार, सुदर्शन सोनी,पवन सोनी, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



## फुटबॉल का खेल शारीरिक स्वस्थता का प्रतीक: विधायक

**पांकी।** पांकी के हाईस्कूल मैदान में पांकी फुटबॉल सुपर लीग मैच का पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने उद्घाटन किया गया। विधायक डा० मेहता ने आयोजक कमिटी को 15हजार रुपए की नगद राशि प्रदान की। साथ ही कहा कि आज के इस साईबर युग में शारीरिक स्वस्थता के लिए खेल का आयोजन काफी सराहनीय है। फुटबॉल मैच खेलने से अधिक देखना रोमांचकारी होता है। मोबाईल और कंप्यूटर से व्यस्त रहकर भी खेल के लिए हमें समय निकालने की जरूरत है। उद्घाटन मैच रतनपुर व तेतराईं फुटबॉल टीम के बीच खेला गया। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संजय वर्मा, अजित गुप्ता, सुरेन्द्र सिंह, निरंजन सिंह, प्रेम सिंह,संगुत सिंह, अनिल सिंह आदि मौजूद थे।



# ओबीसी हित की बात करने वालों को ही सत्ता में बैठाएं : ब्रह्मदेव प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ओबीसी के हक अधिकार की लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए प्रखंड केआईटीसीओ गांव में पहुंचे। वहां पर लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने डॉ. राममनोहर लोहिया, जननायक कर्पूरी ठाकुर के नारा को दोहराते हुए कहा कि 100 में 90 शोषित है। 90 ने ललकारा है 90 भाग हमारा है। इसीलिए चाहते हैं कि ओबीसी समाज को एकजुटता दिखाना बहुत आवश्यक है। रांची विधानसभा के समक्ष आंदोलन करने के बाद भी किसी विधानसभा के सदस्य ने विधानसभा के अंदर उनकी बातों को नहीं उठाया। इसीलिए जो भी ओबीसी समाज के हित के बारे में सोचता है उसे ही सत्ता में बैठाएं, ताकि हम लोगों के बात को विधानसभा के अंदर रखा जाए। यह तब ही संभव है जब हम सभी को मिलकर यह निर्णय लेना होगा कि ओबीसी समाज का जो बात करेगा हम उसका साथ देंगे। इटको के पूर्व मुखिया दीपक गुप्ता ने कहा कि उनके यहां तो पिछले चार महीना से राशन नहीं दिया जा रहा है। गरीब, मजदूर पर दिन प्रतिदिन अत्याचार होता जा रहा है। मौजूदा विधायक द्वारा इस क्षेत्र पर कोई ध्यान ही नहीं है।

# 17 मवेशियों से लदे वाहन को पुलिस ने पकड़ा, 6 की मौत, 2 पशु तस्कर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज-जपला मुख्य पथ में माली रेलवे क्रॉसिंग के पास से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रविवार की सुबह मवेशियों ने लदा एक पिकअप वाहन (बीआर 26 जीबी 8992) को जब्त किया है। उक्त वाहन में 17 मवेशियों को ठूंस-ठूंसकर भरा हुआ पाया गया। बताया गया कि अवैध रूप से इन 17 मवेशियों को क्रूरता पूर्वक लादकर ले जाया जा रहा था। पशु तस्कर ने चालाकी दिखाते हुए पिकअप वाहन को बाहर से इस तरीके से ढक रखा था कि देखने पर पता नहीं लगता था कि उसमें मवेशी लदे हैं। पुलिस ने मौके से बिहार कुटुंबा निवासी 26 वर्षीय इकबाल अहमद और हरिहरगंज कटैया के 23 वर्षीय अरविंद पासवान को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि मवेशियों को गढ़वा से बारूण ले जाया जा रहा था। उन्हें रस्सियों से बांधकर जेसीबी मशीन की मदद से वाहन में लादा गया था। पुलिस को मवेशियों को सुरक्षित रूप से वाहन से बाहर निकालने के लिए रस्सियों को काटना पड़ा। इस अमानवीय परिवहन के कारण 6 मवेशियों की मौत भी हो गई है। जबकि बाकी की स्थिति गंभीर है। जब्त वाहन और मवेशियों को थाने के पास रखा गया है।




























































# रक्षा बंधन का त्योहार आज, राखी और मिठाईयों की दुकानों पर उमड़ी भीड़

**राखियों की कीमत 20 से सौ रुपये तक है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज रक्षा बंधन के अवसर बाजार में काफी चहल-पहल रही। राखी और मिठाईयों को खरीदने का सिलसिला दो-तीन दिन से चल रहा था। बाजार के श्रृंगार बाजार के समीप राखियों की कई दुकानें सजी हुई थी। यहां सभी प्रकार की रंग-बिरंगी राखियां बेची जा रही हैं। जहां महिलाएं अपनी पंसद की राखियां खरीद रही थी। अभी पतली और सजावटी राखियों का दौर देखा जा रहा है। इन राखियों की कीमत 20 से सौ रुपये तक है। वहीं, मिठाईयों की दुकानें भी सड़कों पर सज हुई हैं। जहां शुद्ध देसी घी की मिठाईयां साढ़े तीन सौ लेकर चार सौ रुपये किलो तक बेची जा रही हैं। वहीं रेड़मा बेलवाटीकर चौक पर भी राखियां और मिठाईयों की दुकानें सजी हुई है। लेकिन अधिकांश महिलाओं मुख्य बाजार में ही आकर राखियां खरीदना पंसद कर रही हैं। राखी का त्यौहार प्रति वर्ष श्रावण माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। भाई-बहन के प्यार को दर्शाने वाला त्यौहार पूरे विश्व में सिर्फ भारत में ही मनाया जाता है। कहा जाता है कि द्रोपदी ने भगवान कृष्ण की घायल ऊंगली में अपनी साड़ी का एक टुकड़ा फाड़कर बांध दिया था। इसके बदले आगे चलकर भगवान कृष्ण ने द्रोपदी के चीर हरण के समय उनकी रक्षा की थी।

> **राखी का त्यौहार प्रति वर्ष श्रावण माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है, भाई-बहन के प्यार को दर्शाने वाला त्यौहार पूरे विश्व में सिर्फ भारत में ही मनाया जाता है।**

## अरुणा शंकर शोकाकुल परिवार से मिली

मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर बारालोटा में कुलदीप तिवारी के घर जाकर शोकाकुल परिवार से मिली। उन्होंने इस दुख की घड़ी में परिवार को ढांढस बंधाया। ज्ञात हो कि कुलदीप तिवारी की पत्नी का शनिवार को निधन हो गया था। अरुणा शंकर ने कहा कि एक धर्मपरायण और मिलनसार महिला थीं। मौके पर मनु प्रसाद तिवारी, सुनील पांडेय, नित्यानंद तिवारी, शुभक तिवारी, प्रभात तिवारी, सुनील तिवारी, निलेश पांडेय,मनोज तिवारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

**महिला डॉक्टर से दुष्कर्म के विरोध में निकाला कैंडल मार्च**

## हमारे देश की बेटी ही सुरक्षित नहीं है, तो ऐसी आजादी का क्या मतलब : मनीष

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुए महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद उसके जघन्य हत्या के विरोध में रविवार को प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन ने अस्पताल संचालक सहित डॉक्टर, नर्स और कर्मचारियों ने शहर में कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शनकारी छहमुहान से होते हुए हॉस्पीटल चौक के पास क्रांतिकारी भगत सिंह की प्रतिमा के पास पहुंचकर मृत डॉक्टर को श्रद्धांजलि दी और दो मिनट मौन रखा। एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने कहा कि हम सभी बहुत ही दुख में है; पीड़ा में हैं और आक्रोशित भी है। जब देश के लोगों की सेवा करने वाली हमारे देश की बेटी ही सुरक्षित नहीं है, तो ऐसी आजादी का क्या मतलब है। उन्होंने दोषी को गिरफ्तार कर सख्त से सख़्त कारवाई की मांग की। ताकि ऐसे जघन्य अपराध को आगे आने वाले समय मे रोक जा सके तथा अपराधियों में भय का वातावरण हो। इस प्रदर्शन में शामिल डॉ. जयराम ने कहा कि डॉ. मोमिता को न्याय मिलना चाहिए। आशी केयर हास्पिटल की डॉ तेजस्विनी ने कहा कि जब तक सरकार कड़े कानून नहीं बनाती, हमारी लड़ाई जारी रहेगी। डॉ. संतोष मेहता ने भी सरकार से सीबीआई जाँच की मांग की। सचिव मनीष सिंह ने अविलंब कड़े कानून को बनाने और कड़ी से कड़ी सजा देने पर जोर दिया। मौके पर भारी संख्या में प्राइवेट अस्पताल एसोसिएशन के सभी सदस्य और प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारीगण उपस्थित थे।































































# आचार्य बहनों ने थाना में पुलिस पदाधिकारियों व जवानों को बांधी राखी

नवीन मेल संवाददाता



**चिनिया।** थाना परिसर में रविवार को एकल विद्यालय के प्रखंड इकाई के आधे दर्जन आचार्य बहनों ने थाना के पदाधिकारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों को तिलक लगाकर और मिठाई खिला कर राखी बांधकर सुरक्षा का वचन लिया है। मौके पर महिलाएं जवानों की आरती उतारकर तिलक लगाकर परंपरागत तरीके से राखी बांधी व मिठाई खिलाई। महिलाओं ने सभी जवानों को रक्षा सूत्र बांधकर भाई-बहन का रिश्ता का एहसास दिलाया। जवानों ने कहा कि पुलिस की नौकरी करने के कारण घर पर नहीं जा पाते हैं, जिससे उन लोगों की हाथ की कलाई सूनी रह जाती है। परंतु आज बहनों द्वारा जो राखी बांधा गया उन लोगों को आज बहन की कमी नहीं खल रही है। उसकी भरपाई होने से हम लोग खुश हैं। बहन बनकर हम लोगों को राखी बांधी बहन के साथ जो भाई का फर्ज है हम लोग भी भाई बनकर निभाते रहेंगे। जवानों ने बहनों को मिठाई एवं गिफ्ट भी भेंट किया। मौके पर सब इंस्पेक्टर राधेश्याम कुमार, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, बबन टुडू, जवान तपेश्वर सिंह, भीखराम उरांव, हार्डिंग बास्की, वीरेंद्र ठाकुर, पौलुस टुडू, रामबालक मेहता सहित कई जवान और आचार्य महिलाओं में प्रतिमा कुमारी, सुनीता देवी, दुर्गावती देवी, सुनीता देवी, नीलम देवी, सूरजमानी देवी, संस्था के संघ प्रमुख जितेंद्र कुमार यादव, अंचल प्रशिक्षक अशर्फी चौधरी सहित पुलिस के जवान मौजूद थे।

## इलाज के क्रम में युवक की मौत

**गढ़वा।** सदर अस्पताल में रविवार को इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक छत्तीसगढ़ के कामेश्वर नगर गांव निवासी स्वर्गीय डोमन घासी का 45 वर्षीय पुत्र हरी दयाल घासी बताया गया है। घटना के संबंध में हरी दयाल घासी का साढू रमण थाना क्षेत्र के बुलका गांव निवासी रामचरित्र घासी ने बताया कि मृतक अपने घर से खेत में हल चलाने के लिए गया था। इस क्रम में उसे पेट में दर्द शुरू हो गया। कुछ देर बाद उसे बुखार भी आ गई। इसके बाद परिजनों ने उसे झाड़फुंक कराने ले गए। वहां उसकी स्थिति ठीक नहीं होने पर उसे छत्तीसगढ़ से गढ़वा जिले के लगमा गांव उसके ससुराल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# प्रशासन ने फोरलेन पर अधिग्रहित मकान को हटाने के लिए चलाया अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं एनएचआई के अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ रविवार को हलिवंता कला, बिलासपुर एवं गंगटी में फोरलेन में आने वाले मकान को हटाने के लिये अभियान चलाया। इस दौरान अधिकारियों ने हलिवंता कला एवं बिलासपुर में मुआवजा लेने के बाद भी अभी तक मकान और दुकान नहीं हटाये जाने पर नाराजगी व्यक्ति करते हुए कई जगहों पर जेसीबी से मकान को ध्वस्त किया। अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि अभी तक उन्हें सिर्फ मकान का पैसा मिला है, जमीन का पैसा नहीं मिला है। बरसात के दिनों में इतनी जल्दी मकान तोड़ने से हम लोग बेघर हो जायेंगे। इसलिये प्रशासन हमें समय दे ताकि हम लोग अपनी आवासीय व्यवस्था को दुरुस्त कर लें। लोगों के आग्रह पर अधिकारी 4 से 5 दिन का ही समय देने पर राजी हुये। उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह पूर्व में भी प्रशासन के द्वारा फोरलेन में आने वाले मकान के भूस्वामियों से आने वाले मकान को ध्वस्त करने के लिये बुलडोजर चलाया था। लेकिन भूस्वामियों की आग्रह पर प्रशासन ने उन्हें दो दिनों का समय दिया था। किंतु समय मिलने के बाद भी भूस्वामियों ने अपने मकान को नहीं हटाया। नतीजा रविवार को प्रशासन ने पुनः रविवार को दलबल के साथ हलिवंता कला एवं बिलासपुर पहुंचकर मकान को हटाने का काम शुरू किया। मौके पर मजिस्ट्रेट हंस हेम्ब्रम,सीओ विकास कुमार सिंह,थाना प्रभारी आदित्य नायक समेत कई पुलिसकर्मी एवं एनएचआई के अधिकारी मौजूद थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में राखी बनाओ-मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता आयोजित

**श्रीबंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में मध्यावकाश के बाद राखी बनाओ-मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं में शिशु वर्ग, कक्षा द्वितीय से पञ्चम, बाल वर्ग, कक्षा षष्ठ से अष्टम व किशोर वर्ग में कक्षा नवम व दशम के प्रतिभागी भैया-बहनों भाग लिया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने इस अवसर पर भैया बहनों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि राखी बनाने से प्रतिभा का विकास होता है। बहनों द्वारा विभिन्न प्रकार के कलाकृतियों से युक्त मेहंदी बनाने की प्रतिस्पर्धा होती है। भैया बहन कई दिनों से तन्मयता पूर्वक दोनों प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे थे। शिशु वर्ग में 78, बाल वर्ग में 102 व किशोर वर्ग में कुल 69 भैया बहन सम्मिलित थे। सभी भैया बहन राखी निर्माण व मेहंदी लगाने की सामग्री घर से ही लाए थे। सभी प्रतिभागियों का स्थान निर्धारित कर दिया गया था। सभी निर्धारित समय में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किए। निर्णायक के रूप में पूर्व छात्रा प्रीति बाला एवं पल्लवी जोशी, आचार्या प्रियंवदा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में कौशलेन्द्र झा,नंदलाल पांडेय, कृष्ण कुमार पांडेय,सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, प्रसून कुमार, अविनाश कुमार,अंकित जैन, रूपेश कुमार, उमेश कुमार, सत्येंद्र प्रजापति, नीरज सिंह, सुप्रिया कुमारी, नीति कुमारी, तन्वी जोशी, सलोनी कुमारी,नेहा द्वय आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## इलाज के क्रम में महिला की बनारस में मौत

**रमना।** सिलीदाग पंचायत के रेहड़ा निवासी नंदकिशोर चंद्रवंशी की पत्नी 45 वर्षीय किरण देवी पति की मृत्यु बनारस में ईलाज के दौरान हो गयी। किरण देवी गत वर्षो से पेट की बीमारी से ग्रसित थी। उनका एक बार शल्य चिकित्सा भी हुआ था। कुछ वर्षो तक ठीक थी। गत दिनों फिर पेट दर्द की शिकायत पर बनारस के अस्पताल में ईलाज के लिए परिजनों ले गए थे। वहां चिकित्सक ने ईलाज कर ठीक होने की बात कही थी। परिजनों नें बताया की इस क्रम में चिकित्सक ने करीब 13 हजार की सुई लगा कर चार-पांच दिन बाद फिर बुलाये थे, लेकिन सुई लगने के बाद कय-दस्त होने लगा जो बंद ही नहीं हो रहा था। इससे रोगी की हालत और बिगड़ने लगी। परिजन फिर बनारस लेकर गये। वहां ईलाज के क्रम में ही उनकी मृत्यु ही गयी। असमय मृत्यु से परिजनों की चित्कार से माहौल गमगीन हो गया। दुःख की घड़ी में सिलीदाग पंचायत मुखिया अनीता देवी ने पहुंच कर परिजनों को हिम्मत बढ़ाई। मृतक किरण देवी का अंतिम संस्कार कजरी नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया।

## मनरेगा कर्मियों ने घेरा मंत्री का आवास, सेवा स्थायीकरण की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मी संघ अपनी स्थायीकरसण की मांग को लेकर रविवार को जिला इकाई पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास का घेराव किया। मनरेगा कर्मियों का यह 27 वं दिन अनिश्चितकालीन हड़ताल है। मौके पर जिला सचिव अभिमन्यु तिवारी ने कहा कि अब तक की सभी सरकारों ने मनरेगा कर्मियों को ठगने का काम किया है। मनरेगा कर्मी दिन-रात एक कर निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम करते हैं। उसके बावजूद सरकार उनका आर्थिक शोषण कर रही है। पूरी राज्य के मनरेगा कर्मी में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि मनरेगा कर्मी मंत्री की आवास से तब तक नहीं हटेंगे जब तक की विभागीय सचिव एवं मुख्यमंत्री से वार्ता करते हुए स्थानीयकरण एवं नियमावली में सुधार कर ग्रेड पे लागू नहीं हो जाए। पलामू जिला अध्यक्ष पंकज कुमार ने कहा कि हेमंत सरकार ने संविदा संवाद पार्टी के घोषणा पत्र एवं रात्रि चौपाल के माध्यम से हमारी मांगों को समर्थन करते हुए वादा किया था कि सरकार बनते ही सभी मनरेगा कर्मियों का सेवा स्थाई करेंगे तथा किसी भी मनरेगा को हड़ताल अथवा आंदोलन नहीं करना पड़ेगा। मनरेगा कर्मियों पिछले 27 दिनों से हड़ताल पर हैं, लेकिन मुख्यमंत्री ने एक बार भी समस्या जानने के लिए प्रतिनिधि मंडल को नहीं बुलाया। उन्होंने कहा कि अनुबंध और संविदा जैसे कलंकित शब्द को राज्य से खत्म कर सभी को सम्मानजनक वेतन देंगे। प्रदेश संरक्षक देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने कहा कि17 सालों से मनरेगा कर्मी निरंतर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा को धरातल पर उतार रहे हैं। मौके पर प्रदेश सचिव विकास कुमार पांडेय, कमलेश राम मुकेश कुमार दुबे सिकंदर पासवान, हामिद अंसारी सुरेश तिवारी, प्रमोद तिर्की, आनंद कुमार, मेनका कुमारी, असलम खान, प्रतिमा कुमारी, दयाशंकर, अशोक राम, रघुवर राम, प्रभा यादव सहित बड़ी संख्या में मनरेगा कर्मी शामिल थे।

भवनाथपुर प्रखंड वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की शुभकामनाएं
कृष्ण कुमार (भवनाथपुर थाना प्रभारी)
नंद जी राम (प्रखंड विकास पदाधिकारी भवनाथपुर)
दयानंद प्रजापति (बीपीओ) भवनाथपुर
सतीश सिंह (पंचायत सेवक कैलान भवनाथपुर गढ़वा)
अंजन कुमार गुप्ता शिवाय ट्रेडर्स शिवाय बजाज मोटरसाइकिल शो रूम प्रखंड भवनाथपुर, गढ़वा।
प्रमोद कुमार (वनों के क्षेत्र पदाधिकारी भवनाथपुर गढ़वा)
बेबी देवी (मुखिया भवनाथपुर गढ़वा)
रीता देवी पंचायत समिति सदस्य (BDC) सह पूर्व प्रमुख भवनाथपुर गढ़वा
इलाईची देबी (मुखिया) पंचायत बनसानी निवेदक -राजेश्वर पासवान
कविता कुमारी (वार्डन कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भवनाथपुर)
वेद प्रकाश आर्य (सचिव ओम शांति पब्लिक स्कूल टिकुलिया भवनाथपुर गढ़वा)
शोभा देवी प्रमुख भवनाथपुर गढ़वा
मोहम्मद अरशद
अशोक कुमार गुप्ता समन्वयक पीएम आवास भवनाथपुर
सनशाइन पब्लिक स्कूल केतार रोड भवनाथपुर गढ़वा संचालक इंद्रजीत गुप्ता

भवनाथपुर प्रखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की शुभकामनाएं
डॉ दिनेश सिंह प्रभारी समुदाय स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर।
प्रदीप कुमार पाठक प्रखंड लेखा प्रबंधक भवनाथपुर गढ़वा।

भवनाथपुर प्रखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की शुभकामनाएं
आनंद प्रताप देव उर्फ छोटे राजा पूर्व विधायक भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र
ताहिर अंसारी झारखंड मुक्ति मोर्चा वरिष्ठ नेता भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र

भवनाथपुर प्रखंड वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की शुभकामनाएं
श्री बंशीधर ऑटो हीरो एजेंसी
भवनाथपुर मो. 7631193768, 9155197204
प्रो. मनीष कुमार

भवनाथपुर प्रखंड वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की शुभकामनाएं
पंकज चौबे
बासपा नेता सह भावी विधायक प्रत्याशी, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र।

भवनाथपुर प्रखंड वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की शुभकामनाएं
अनीता देवी मुखिया पंचायत अरसली दक्षिणी भवनाथपुर
सोना किशोर यादव मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी

भवनाथपुर प्रखंड वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की शुभकामनाएं
बंशीधर ऑटोमोबाइल्स
मेन रोड भवनाथपुर पेट्रोल पंप के नजदीक
मो. 9123279407,6200151797
राहुल कुमार संचालक

भवनाथपुर प्रखंड वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की शुभकामनाएं
राजा सिंह भाजपा नेता, भवनाथपुर
भानु प्रताप शाही विधायक भवनाथपुर, विधानसभा क्षेत्र।

जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की शुभकामनाएं।
तैबा हॉस्पिटल
DR. YASIN HEALTHCARE
पता- मदरसा रोड, बस स्टैंड के पास गढ़वा (झारखंड)
7050466650, 9006668685
स्त्री एवं प्रसूति रोग संबंधित सेवा एवं सुविधाएं
एएनसी, नॉर्मल डिलीवरी एवं सिजेरियन
बांझपन परामर्श एवं उपचार
कालपोस्कॉपी, पैप स्मेयर टेस्ट
सीटीजी, आईयूआई
अन्य सुविधाएं
ईसीजी, एक्स-रे, स्पाईरोमीटर, अल्ट्रासाउंड, अत्याधुनिक जांच घर
डॉ. माहेरू यमानी MBBS, MS, DNB(1) Ex-Resident RIMS RANCHI स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. अरशद अंसारी MBBS, MD (MEDICINE) DFM General Physician Ex-Resident TMH TATA Member Indian Chest Society European Respiratory Society डायबिटिज, छाती, पेट एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
CARDIO-DIABETIC & INFERTILITY CLINIC
24/7 Emergency Services

खरौंधी प्रखंड वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की शुभकामनाएं
रविन्द्र कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी प्रखंड-खरौंधी,गढ़वा।
अनिमेष शान्तिकारी थाना प्रभारी खरौंधी, गढ़वा
जितेंद्र प्रसाद यादव विधायक प्रतिनिधि प्रखंड-खरौंधी, गढ़वा।
कामेश्वर प्रसाद सिंह प्रधानाध्यापक उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां प्रखंड-खरौंधी, गढ़वा
सुनीता देवी आंगनबाड़ी सेविका केंद्र-कोसलिबार प्रखंड-खरौंधी, गढ़वा।
राजीव कुमार सहायक शिक्षक उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां प्रखंड-खरौंधी, गढ़वा।
विकास कुमार सिंह पंचायत समिति सदस्य पंचायत-करिवाडीह प्रखंड-खरौंधी, गढ़वा।
सुनीता देवी पूर्व मुखिया पंचायत-मझिगावां प्रखंड-खरौंधी, गढ़वा।
गोरखनाथ चौधरी पूर्व उपप्रमुख खरौंधी सह जिला प्रवक्ता आजसू पार्टी जिला गढ़वा।
कृष्णा राम पंचायत समिति सदस्य पंचायत-मझिगावां प्रखंड-खरौंधी, गढ़वा।
बिंदा देवी मुखिया पंचायत-मझिगावां प्रखंड-खरौंधी, गढ़वा।
गोविंद उरांव प्रधानाध्यापक उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंडी, खरौंधी, गढ़वा।
अरविंद प्रसाद प्रधानाध्यापक उत्क्रमित मध्य विद्यालय लामी, खरौंधी, गढ़वा।
अंजन कुमार गुप्ता शिवाय ट्रेडर्स शिवाय बजाज मोटरसाइकिल शो रूम, प्रखंड खरौंधी, गढ़वा।
उमेश कुमार जीपीएस प्रखंड-खरौंधी, गढ़वा।
प्रवीण कुमार प्रखंड समन्वयक पंचयाती राज प्रखंड-खरौंधी, गढ़वा।
पंकज कुमार प्रज्ञा केंद्र संचालक पंचायत मझिगावां खरौंधी गढ़वा
संतोष कुमार सिंह मुख्या प्रतिनिधि पंचायत राजी प्रखंड खरौंधी गढ़वा
पीयूष कुमार जन्मदिन की हार्दिक बधाई मम्मी, पापा, दादा, दादी,नाना, नानी
उमेश जायसवाल समाजसेवी प्रखंड-खरौंधी, गढ़वा।
राजा सिंह भाजपा नेता प्रखंड खरौंधी, गढ़वा।
अरविंद साह प्रधानाध्यापक उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपरी, प्रखंड-खरौंधी, गढ़वा।

# भाई बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन आज, बाजार में बढ़ी रौनक

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** भाई बहन के बीच प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व को लेकर जिला सहित सभी प्रखंड क्षेत्र के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। वहीं राखी पर भारतीय परंपराओं का रंग चढ़ेगा। सोमवार को भाई बहन का अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जाएगा। रक्षाबंधन को लेकर जिला मुख्यालय के बाजार में एक से बढ़कर एक आकर्षक राखियां सज चुकी हैं। एक समय था जब भारी भरकम राखियां चलन में थी, लेकिन ऐसी राखियां इस बार बाजार से गायब नजर आ रही है। दुकानों पर उपहार के गिफ्ट पैक भी आ गए हैं। वहीं बहन अपने छोटे भाइयों के लिए जड़ी राखी, कार्टून पात्रों के फोटो वाली राखी, टेडी राखी। बड़ों के लिए रेशम के धागों की आकर्षक राखियां खरीद रही हैं। इस बार बाजार में जय श्री राम नाम की राखियां भी लोगों को लुभा रही है। लगभग सभी जगह स्वदेशी निर्मित राखियों से बाजार पटा है। लातेहार के दर्जनों राखी की दुकानें सज चुकी है। कोलकता के कारीगरों द्वारा तैयार राखियां भी बाजार में आई है।



### 10 से 300 सौ रुपये तक की राखियां बाजारों में उपलब्ध

दुकानों में दस रुपये से लेकर तीन सौ रुपये तक की राखियां उपलब्ध हैं। दुकानदारों का माने तो ग्राहकों द्वारा देखने में सुंदर व हल्की राखियों को खरीदने पर ज्यादा तरजीह दी जा रही है। रंगोली स्टोर के दुकानदार दीपू ने बताया उनके दुकान में 10 से लेकर 300 रुपया तक की राखियां है। लाइट वाली राखी भी बच्चों को खूब आकर्षित कर रही है। दुकान में डोरी राखी से लेकर लुंबा राखी, जड़ी राखी, स्टोन राखी, टेडी राखी और जय श्री राम तक की राखी से पटा है। बच्चों के लिए टैडी राखी 10 रुपया से 20 रुपया और लाइट वाली राखी 20 से पचास रुपया तक में उपलब्ध है।

## बेटी के साथ दुष्कर्म करने वाले पिता गिरफ्तार

**कुन्दा (चतरा)।** कुन्दा थाना क्षेत्र में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। एक पिता ने अपनी ही बेटी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना के बाद से पीड़ित लड़की की हालत खराब है और उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। वह कुंदा थाना क्षेत्र के एक गांव का निवासी है। सूत्रों के अनुसार, केदार गंझु पहले टीपीसी सदस्य रह चुका है। थाना प्रभारी सनोज चौधरी ने बताया कि पीड़ित लड़की का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

# 15 लाख का इनामी माओवादी के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हेरहंज।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का रिजनल कमेटी सदस्य सह 15 लाख का इनामी छोटू खरवार उर्फ छोटू, उर्फ सुजित, पिता-नरेश सिंह उर्फ ननका पाहन, ग्राम-सिकीद, थाना हेरहंज, जिला लातेहार के विरुद्ध न्यायालय से निर्गत इश्तेहार को बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व में ग्राम सिकिद स्थित आवास व गांव में चस्पा किया गया। साथ ही 30 दिनों के भीतर उक्त अभियुक्त के न्यायालय में प्रस्तुत नहीं होने की स्थिति में न्यायालय से कुर्की अधिपत्र जारी कराते हुए अभियुक्त के चल सम्पत्तियों को कुर्क कर लिए जाने की चेतावनी दी गई है। उल्लेखनीय है कि छोटू खरवार के विरुद्ध लातेहार, पलामू, गढ़वा, लोहरदगा, गुमला समेत अन्य कई जिलों के थानों में नक्सली संगठन द्वारा किये गये हत्या, आगजनी, गोलीबारी, विस्फोट आदि के करीब 100 से अधिक मामले दर्ज हैं।



# पूर्व विधायक ने विभिन्न बूथों मे चलाया जनसम्पर्क अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातु।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह भाजपा नेता प्रकाश राम ने बारियातु प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत बरीखाप, साल्वे, गुरु साल्वे, रेंची, गुजुवा इन सभी बूथों में लोगो से भेट मुलाकात कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों से विधानसभा चुनाव तैयारी को लेकर चर्चा की। मौके पर पंचायत मुखिया राजीव भगत, प्रखंड प्रमुख के निवेदक नंदू उरांव, पूर्व प्रमुख लालदीप उरांव, भोक्ता समाज के नेता योगेंद्र भोक्ता,किशोर प्रसाद, अनिल प्रसाद, देवनंद प्रसाद, सोनू प्रजापति, बहादुर गंझू, सुनील सिंह, जगदीश उरांव, मुकेश गंझू, मो. समीम, कृष्णा तिर्की, मनीष उरांव, बिनोद उरांव, मनोज ठाकुर, दिगम्बर टना भगत सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल थे।



## एक नजर

### पुजारी की संदिग्ध हालात में मौत

**मयूरहंड(चतरा)।** थाना क्षेत्र के नवडीहा गांव निवासी गोपाल पांडेय 70 वर्ष की मौत की खबर से ग्रामीणों में शोक की लहर है। वह सोकी पंचायत क्षेत्र के सोकी व चेरी गांव के छह मंदिरों में नित्य दिन सुबह, शाम पूजा अर्चना करते थे। ग्रामीणों के अनुसार मृत्यु के दिन भी अन्य दिनों की तरह पूजा किए थे। अचानक मौत की खबर से ग्रामीण अचंभित हैं। सूचना पाते ही मौके पर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ईश्वरी मेहता,मयूरहंड थाना प्रभारी अमित कुमार, पुलिस निरीक्षक इटखोरी मंजू कुमारी स्थल पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। मौत कैसे हुई ये लोगों को कोई पता नहीं है। फिलहाल मौत की घटना से सोकी व चेरी गांव के मंदिरों में पूजा अर्चना दिनभर ठप रहा। पुजारी एक वृद्ध व्यक्ति थे इसे लेकर पुजारी के पुत्र तथा ग्रामीणों ने मौत का कारण सामान्य बताया। परिजन पुलिस के आला अधिकारी से शल्य परीक्षण नहीं करवाने के जिद पर अड़ गए। अंततः शव का अंतिम संस्कार किया गया।

### अवैध गिट्टी ढुलाई में वाहन जब्त, मामला दर्ज

**मयूरहंड(चतरा)।** थाना क्षेत्र के दंदाहा घाटी के समीप मयूरहंड थाना प्रभारी अमित कुमार ने गिट्टी लदा एक टाटा मिनी ट्रक जब्त किया। वाहन गिट्टी से भरा था। हजारीबाग के पदमा से गिट्टी लेकर पचमौ मोड़ की ओर आ रहा था। खनन विभाग के बगैर चलान के गिट्टी का ढुलाई पाया गया। वहीं वाहन भी बगैर रजिस्ट्रेशन का पाया गया। थाना प्रभारी ने बताया की बगैर कागजात के वाहन पकड़े जाएंगे तो पुलिस संबंधित विभाग को सूचना भेज कर विधि सम्मत कार्रवाई करने को तैयार है।


### विधायाक ने रक्षाबंधन पर बहनों को बीच बांटा उपहार

**नीलांबर पीतांबरपुर:** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड नीलाम्बर-पीताम्बरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस में स्थानीय विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने सभी आंगनबाड़ी व समाज की अन्य बहनों को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर उपहार दिया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व भाई बहानों का अटूट प्यार के रिश्ता को दर्शाता है। वह क्षेत्र के सभी बहनों की रक्षा के लिए हर समय भाई बनकर काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा को मिलकर आपसी सहयोग से ही आगे बढ़ाया जा सकता है। विधानसभा क्षेत्र को पूरे राज्य में नंबर वन बनाने के लिए पिछले पांच सालों से काम कर रहे हैं। गांव-गांव में विकास की विभिन्न योजनाओं के तहत काम चल रहा है।

## सांसद ने मृतक के परिजनों से मिल बंधाया ढांढस, मदद का दिया भरोसा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** क्षेत्रीय चतरा लोकसभा क्षेत्र सांसद कालीचरण सिंह आज बालू माथ प्रखंड के मकईयाटाड़ एवं बिशुनपुर तथा मुरपा ग्राम पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया और मदद का भरोसा दिया। मालूम हो कि बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के टमटम टोला के पास कांवरिया से भरी वाहन बिजली के खंभे से टकरा गई थी जिसमें पांच कांवरियो की मौत हो गई थी, जिसमें सभी मृतक मकईया टाड़ एवम आसपास के रहने वाले थे। वही बिशूनपुर ग्राम से सटे बलबल नदी में बीते रविवार की संध्या बेला में नदी को पार करने के दौरान बह जाने से दो महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई थी। तीनों मृतक बिसुनपुर ग्राम के ही रहने वाले थे। इसी दौरान वह थाना क्षेत्र के मुरपा पंचायत अंतर्गत जिपुआ ग्राम पहुंचे। जहां पर मंगलवार को नहाने के दौरान मुस्लिम समुदाय के दो युवकों की मौत हहारो नदी हो गई थी। । सांसद कालीचरण सिंह ने मृतक के परिजनों को अपनी ओर से तत्काल आर्थिक सहायता दी और भविष्य में सरकार द्वारा मिलने वाली हर सुविधा को दिलाने का भरोसा दिलाया। मौके पर बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के कई भाजपा नेता कार्यकर्ता और मंडल अध्यक्ष के साथ-साथ काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



### रेलवे के काम हो रहे पूरे आश्वासन के बाद भी नहीं हुआ मंदिर का सौंदर्यीकरण

**मोहम्मदगंज।** थर्ड रेल लाइन विस्तारीकरण और स्टेशन के नए भवन सहित प्लेटफॉर्म निर्माण के कारण स्थानीय रेलवे कॉलोनी स्थित काली-महादेव मंदिर दर्शन-पूजन को लेकर श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्लेटफॉर्म निर्माण के लिए मिट्टी की भराई की वजह से सामने के हिस्से उबड़-खाबड़ हो गए हैं। बरसात में तो फिसलन भरे बन जाते हैं। जबकि कार्य शुरू करने से पहले ही श्रद्धालुओं ने डीआरएम को संबोधित ज्ञापन देकर आसपास के लोगों की आस्था के इस महत्वपूर्ण केंद्र के सौंदर्यीकरण कराने की मांग अक्टूबर 2021 में ही की थी। तब इसे गंभीरता से लेते हुए डीआरएम ने संबंधित एजेंसी को इस दिशा में भी काम करने को निर्देशित किया था, लेकिन श्रद्धालुओं की मांग पूरी नहीं हुई है। जबकि थर्ड रेल लाइन विस्तारीकरण, आधुनिक स्टेशन भवन और प्लेटफॉर्म का निर्माण कार्य पूरा होने के साथ ही उपयोग में भी आने लगे हैं। सौंदर्यीकरण के प्रति उदासीनता के बाद अब तेज आंधी में टूटकर गिर नीम पेड़ को भी हटाने के प्रति उपेक्षात्मक रवैया अपनाने की बात सामने आई है। इसके भी कई महीने बीत गए। फिर भी गिरे हुए पेड़ को हटाया नहीं गया है। श्रद्धालुओं ने इन धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण से लेकर टूटे पेड़ को नहीं हटाने के प्रति उपेक्षात्मक रवैया को उनकी धार्मिक भावना के साथ खिलवाड़ बताते हुए रेल उच्चाधिकारियों से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# लाधुप में हाथियों के झुंड ने किसान के घर को किया क्षतिग्रस्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लाधूप पंचायत के दूधिमाटी गांव में शनिवार की देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। हाथियों के झुंड ने दूधिमाटी निवासी किसान फूलचंद गंझू के घर को ध्वस्त कर दिया और घर मे रखे धान,चावल गेंहू को चट कर गये। हाथियों ने घर मे रखे सामानों को भी क्षति पहुंचाई है। भुक्तभोगी ने बताया कि वह अपने घर मे सोये थे, तभी अचानक आधी रात को हाथियों का झुंड आ धमका और घरों में तोड़ फोड़ शुरू कर दिया। उन्होंने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों की संख्या 17 से 18 थी। उत्पात मचाने के बाद हाथियों का झुंड कुड़ू क्षेत्र में भी प्रवेश कर नुकसान पहुंचाने की सूचना है। घटना की जानकारी मिलते ही लाधुप पंसस पति सह समाजसेवी बुधन गंझु ने पीड़ित परिवार से मिलकर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही वन विभाग से मिल हाथियो द्वारा पहुंचाये गए नुकसान का मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि विभाग इन मामलों पर ध्यान नही देती है। जब ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर अधिकारियों के समक्ष जाते हैं तो उनसे ऑनलाइन कागजात की मांग की जाती है। जिससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति नाराजगी देखी गई। बताते चले कि चंदवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पिछले कुछ वर्षों से जंगली हाथियों ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। हाथियों ने अब तक कई ग्रामीणों की जान भी ले चुके है और उनके हमले से कई लोग घायल भी हुए हैं। बावजूद इसके विभाग कोई ठोस कदम नही उठा रही है। घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए जब वन क्षेत्र पदाधिकारी को फोन किया गया तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

**हाथियों का झुंड कुड़ू क्षेत्र में भी प्रवेश कर नुकसान पहुंचाने की सूचना है**

## आरक्षण में उप-कोटा तय करने के विरोध में 21 अगस्त को भारत बंद का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर द्वारा बनाया गया सविंधान में दलितों के लिए दिए गए एससी-एसटी आरक्षण को पिछले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण में उप-कोटा तय करने को मंजूरी दी थी। जहां कोर्ट ने कहा था कि अगर राज्य सरकारों को लगता है कि एससी और एसटी वर्ग में कोई जाति ज्यादा पिछड़ी है तो उसके लिए उप-कोटा तय किया जा सकता है। जिसके खिलाफ में रविवार को पांकी के जरही चौक के समीप माही रेस्टोरेंट में पांकी विधानसभा के विधायक प्रत्याशी सह युवा समाजसेवी जितेंद्र पासवान ने प्रेस वार्ता में बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण में संशोधन किए जाने के खिलाफ आगामी 21 अगस्त को भारत बंद करने की अपील की गई है। बैठक में बंदी को सफल बनाने के लिए सभी व्यवसायियों को अपने-अपने प्रतिष्ठान 21 अगस्त को बंद रखने का आग्रह किया है ।मौके पर राजेंद्र पासवान, उदय बैठा, शमशाद आलम, वीरेंद्र पासवान, मनवर अंसारी, आजाद अंसारी, साजिद अंसारी, कलीम अंसारी, उदित पासवान, रामनाथ पासवान, अशोक पासवान, जग नारायण पासवान, अर्जुन पासवान, अनुज पासवान, मुकेश कुमार पासवान समेत लोग मौजूद थे।

# शहर में 800 में 200 स्ट्रीट लाइट खराब, लोग अंधेरे में रहने को विवश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के 16 वार्डों में करीब 800 स्ट्रीट लाइट लगाया गया हैं। इसमें 200 से अधिक लाइट खराब होने से लोग परेशान व अंधेरे में रहने को विवश हैं। कई कॉलोनियों में तो एक माह से स्ट्रीट लाइट नहीं सुधारी गई। लोगों की शिकायत है कि नगर पंचायत कार्यालय में कई बार सूचना देने के बाद भी लाइट नहीं सुधारी जा रही है। शहर के कुछ कॉलोनियों में चोरी की वारदातें भी बढ़ी है, जिसे लेकर लोगों में भय व्याप्त है। स्ट्रीट लाइट नहीं होने से लोग घरों से बाहर निकलने में भी हिचक रहे हैं। नगर पंचायत के मोहम्मदाबाद, मिजार्पुर, बगीचा, लंबी गली, सैदाबाद, अनुमंडल रोड, आईटीआई रोड, कॉलोनियों में स्ट्रीट लाइट नहीं जलती है। इस कारण सड़क पर अंधेरा पसरा रहता है। लाइट लगाने के बाद कंपनी के द्वारा एक बार भी मरम्मत नहीं कराया गया।ऐसे में लाइट नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही हैं। शहर के गणेश पुरी कॉलोनी ,जपला हैदरनगर रोड, मधुशाला रोड में भी अंधेरा रहता हैं।

### कई जगहों से आ रही हैं शिकायत

नगर पंचायत के वार्ड तीन के पार्षद राजेंद्र पाल ने बताया कि उनके मोहल्ले व वार्ड दो और तीन में भी कई विद्युत खंभे पर लगाया गया एलेडी लाइट बंद है। लंबे समय से इसकी शिकायत कर रहे हैं,लेकिन अबतक समाधान नहीं हुआ है। जपला अंबेडकर चौक के निवासियों ने भी हाई मास्ट लाइट खराब होने की समस्या के बारे में बताया। निवर्तमान नपं अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा है कि उनके कार्यकाल में 200 स्ट्रीट लाइट के लिए प्रपोजल भेजा गया था, परंतु सरकार के द्वारा कार्यकाल समाप्त कर देने के बाद यह मामला अधर मे लटक गया हैं। उधर, कार्यपालक पदाधिकारी तरनीश हंस ने बताया कि स्ट्रीट लाइट मरम्मती के लिए सागग्री मंगाई गई है। शीघ्र खराब पड़े लाइटें को दुरुस्त किया जाएगा।

## भाजपा नेता ने चलाया जनसम्पर्क यात्रा

**उंटारी रोड।** बिश्रामपुर विधानसभा के युवा भाजपा नेता रामाशीष यादव ने रविवार को जनसम्पर्क यात्रा चलाकर जनसम्पर्क अभियान चलाया। अभियान के तहत उन्होंने विभिन्न पंचायतों के दर्जनों गावों का भ्रमण कर लोगों का समर्थन प्राप्त किया। इस यात्रा के दौरान उन्होंने बिच्छी, ललगाड़ा, बरडीहा, लोका एवं मंझीआँव में मुख्य रूप से जनसभाओं का आयोजन किया और आम नागरिकों के साथ संवाद स्थापित किया। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा मिल रहा स्नेह भावविभोर कर देने वाला है। जनसम्पर्क यात्रा में असरेश पाल, शिवनाथ चौधरी, अखिलेश रामसमेत सैंकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# हेमंत सरकार अपने किए वादे से मुकर रही: मिथलेश यादव

**आकलन उत्तीर्ण सहायक अध्यापकों को समतुल्य मानदेय देने का कार्य करें**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हेरहंज।** प्रखंड के सहायक अध्यापकों की बैठक प्रखंड अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार यादव के अध्यक्षता में हुई। मंच संचालन जनार्दन प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश यादव ने कहा कि हेमंत सरकार सहायक अध्यापकों को वेतनमान देने के वादे 2019 के विधानसभा चुनाव में किए थे। इसके फलस्वरुप सभी पारा शिक्षकों ने हेमंत सोरेन सरकार को बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्तमान सरकार पूर्व के सरकार से भी खराब है। हेमंत सरकार अपने किए गए वादे से मुकर रही है। वेतनमान के वादे से पीछे हट रही है। इसलिए वर्तमान सरकार टेट सफल सहायक अध्यापकों को सहायक आचार्य में समायोजित करने हेतु सहायक आचार्य नियमावली में जो बिंदु त्रुटि पूर्ण है, उन्हें संशोधन करते हुए सहायक अध्यापकों के लिए आरक्षित सीट को बढ़ाने का कार्य करें। आकलन उत्तीर्ण सहायक अध्यापकों को समतुल्य मानदेय देने का कार्य करें। नहीं तो आने वाले विधानसभा में पूर्ववर्ती रघुवर दास की सरकार से भी बदतर स्थिति इस सरकार का करेंगे। उन्होंने कहा कि सहायक अध्यापकों का चार प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की प्रक्रिया को शिथिल करते हुए मात्र एक बार सहायक अध्यापकों का सेवा संतुष्टि के पश्चात प्रत्येक वर्ष चार प्रतिशत वृद्धि दिया जाए। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हेरंहज द्वारा सहायक अध्यापकों का 4 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि हेतु अनुशासनिक प्राधिकार कमेटी का बैठक अभी तक आहूत नहीं किया गया है। इसके लिए बैठक में रोष प्रकट किया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को जल्द से जल्द कमेटी का बैठक कराकर 4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमोदन करने का अल्टीमेटम दिया गया है। यदि अगस्त माह में 4 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि का अनुमोदन नहीं किया गया तो प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के खिलाफ भी आंदोलन किया जाएगा। बैठक में विजय शंकर प्रसाद, कमलेश कुमार यादव ,नागेश्वर ठाकुर ,खुर्शीद आलम ,उमेश कुमार यादव ,नंदकिशोर यादव ,अजय कुमार ,लक्ष्मण प्रसाद ,गोपाल प्रसाद ,जगदीश प्रसाद, विनोद कुमार गुप्ता ,कमलेश कुमार गुप्ता, पूनम कुमारी ,सरिता कुमारी ,पुष्पा कुमारी, फिलिस्ता कुमारी ,समीर अजीज ,कुलेश्वर राम, बुधन शाह ,योगेश्वर गंझू ,विनोद सिंह, पवन कुमार यादव समेत उपस्थित थे।



# कार और बाइक के बीच टक्कर में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

बालूमाथ-चंदवा मार्ग पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के सुरांगी टोंगरी के पास कार और बाइक के बीच हुई भीषण टक्कर में घायल बाइक सवार की रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृत युवक बालूमाथ थाना क्षेत्र के गेरेंजा ग्राम अंतर्गत हराफु टोला निवासी कामेश्वर उरांव का 23 वर्षीय पुत्र सुधीर उरांव था। वह शनिवार की दोपहर अपने घर से बालूमाथ आ रहा था । इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही कार से उसके बाइक की टक्कर हो गई। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था और बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया था। शनिवार की रात इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं मृतक युवक का शव रविवार की संध्या उसके घर पहुंचा । शव के पहुंचते ही वहां का माहौल गमगीन हो गया। मृतक युवक का विवाह इसी वर्ष जनवरी माह में बालूमाथ थाना क्षेत्र की बनियों ग्राम में हुआ था। इस घटना के बाद से मृतक की पत्नी और उनके परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में गम का माहौल देखा जा रहा है।



## पांच सूत्री मांगों को लेकर ट्रक एशोसिएशन हड़ताल पर जाने का लिया निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** विभिन्न मांगों को लेकर आम्रपाली विस्थापित प्रभावित ट्रक वाहन मालिक संघ की बैठक परियोजना क्षेत्र स्थित कार्यालय में हुई। वहां मुख्य रूप से ट्रक परिचालन में उत्पन्न समस्या तथा कोल परिवहन भाड़ा में गिरावट की विस्तृत चर्चा की गई। पिछले तमाम प्रयासों के बावजूद भी सकारात्मक पहल नहीं होने से व्यथित वाहन मालिकों ने कहा कि अगर एक सितंबर से पूर्व वाहन मालिकों की मांगों पर प्रबंधन व ट्रांसपोर्टरों द्वारा पहल नहीं की जाती है, तो सभी ने एक स्वर से हड़ताल पर जाने की बाते कही। आपको बता दे कि वाहन मालिकों के मुख्य मांगों में डीएमओ चालान की वैधता 8 किलोमीटर प्रति घंटा के हिसाब से करने,कोल लोडिंग के लिए अलग डंप की व्यवस्था करने, कांटा घर से माइंस के लोडिंग क्षेत्र वाले सड़क मरम्मती, 25 हजार टन से कम मात्रा का कोयला उठाव संघ के माध्यम से प्रावधान की मांग की गई है। बैठक में आशुतोष मिश्रा, प्रहलाद सिंह अजय कुमार देव, बद्री साहु, इंद्रदेव साहु, संजीत यादव, मुकेश यादव, महेश गंझू, अमलेश कुमार, प्रकाश यादव, संतोष सिंह, जुगल यादव, महेश वर्मा, सुरेश यादव समेत अन्य वाहन मालिक मौजूद थे।

